हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 05 अक्तूबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा में मतदान कुल मिलकर शांतिपूर्वक जारी है। हरियाणा चुनाव कार्यालय के नोडल अधिकारी मनीष कुमार लोहान ने बताया है कि एक दो जगह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में दिक्कत आने के बाद उसे तुरंत ठीक कर दिया गया और अब सभी मतदान केंद्रों पर मतदान निवर्द्धन चल रहा है। मतदाताओं ने मतदाताओं में मतदान को लेकर भरी उत्साह देखा जा रहा है। दिव्यांग और बुजुर्ग भी वोट डालने मतदान केंद्रों पर पहुँच रहे है। अभी 11 बजे तक के आकड़ों की बात करे तोह प्रदेश में 23. 45 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। ग्यारह बजे तक पलवल जिले मे सर्वाधिक 27. 94 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि जींद जिला 27 दशमलव दो शून्य प्रतिशत मतदान के साथ दूसरे स्थान पर रहा। पंचकूला ,सोनीपत, जिलों को छोड़कर अन्य जिलों में 11 बजे तक 20 से 25 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। कुछ ही देर में निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के नए आकंड़े जारी किए जायेगे। एक बजे के आकड़ों में मतदान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा सकती है। चलते है मतदान के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा किये प्रयासों की जानकारी लेने के लिए अपने सवांददाता अश्वनी कुमार शर्मा के पास

विभिन्न जगह से हमारे सवांददाताओं कई प्रमुख हस्तियों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों द्वारा मतदान की खबर दी है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री एवं लाडवा से बीजेपी प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने अपनी पत्नी सुमन सैनी के साथ बूथ संख्या 119 पर मतदान किया। उन्होंने लाडवा में बूथ संख्या 122,123,और 124 पर जाकर मतदाताओं से बातचीत की और उनसे अन्य लोगों को भी मतदान

के लिए प्रेरित करने को कहा। वहीँ थानेसर से बीजेपी प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री सुभासग सुधा ने कुरुक्षेत्र में अपने परिवार सहित महाराणा प्रताप स्कूल में बने मतदान केंद्र पर वोट डाला और क्षेत्र के मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। पानीपत शहर से बीजेपी के उम्मीदवार प्रमोद विज ने अपने परिवार के साथ मतदान कर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कुरुक्षेत्र के गांव मिर्जापुर में मतदान किया और लोगों से भी मतदान में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की।

तोशाम से कांग्रेस प्रत्याशी अनिरुद्ध चौधरी ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोगों से भी लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी की अपील की।

विभिन्न जगहों पर हमारे सवांददाताओं ने पहली बार मतदान कर रहे युवाओं से बातचीत की युवाओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। पंचकूला में पहली बार वोट डाल कर आई आरुषि ने हमारी सवांददाता सुमन को बताया

हमारी सवांददाता ने भी एक अन्य मतदाता से भी बातचीत की

अभी अभी जानकारी मिली है कि 12 बजे तक नलगभग 30 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।